# G.S.- The Mauryan And Post Mauryan Empire

**1. निम्न को सही सुमेलित करें**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. चन्द्रगुप्त | 1. प्रियदर्शी |
| B. बिन्दुसार | 2. सैण्ड्रोकोट्स |
| C. अशोक | 3. अमित्रघात |
| D. चाणक्य | 4. विष्णुगुप्त |

कूट

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**2. निम्न कथनों पर विचार करें और सही कथन का चयन करें**

1. सर्वप्रथम विल्किन्स ने सैण्ड्रोकोट्स की पहचान चन्द्रगुप्त मौर्य से की है।
2. अशोक के अधिकांश अभिलेख ब्राह्मी लिपि में हैं।

कूट

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) इनमें से कोई नहीं

**3. निम्न में से कौन-सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

(a) भाब्रू शिलालेख – 'अशोक' नाम मिलता है
(b) रानी लघु शिलालेख कौशाम्बी – अशोक की पत्नी कारूवाकी एवं पुत्र तीवर का उल्लेख
(c) धौली शिलालेख – 'सारी प्रजा मेरी सन्तान है'
(d) कन्धार द्विभाषी शिलालेख – मछुआरे और आखेटक का उल्लेख

**4. कौटिल्य प्रधानमन्त्री थे**

(a) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के
(b) अशोक के
(c) चन्द्रगुप्त मौर्य के (d) राजा जनक के

**5. अशोक के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-से कथन सत्य हैं?**

1. शासक बनने से पूर्व वह अवन्ति (उज्जयिनी) का उप-शासक था।
2. उसने 273 ई. पू. में सत्ता प्राप्त की।
3. उसका राज्याभिषेक 269 ई. पू. में हुआ।
4. उसने 261 ई. पू. में अपना अन्तिम युद्ध लड़ा।

कूट

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) सभी

**6. भारत में अशोक का शासनकाल था**

(a) 273-232 ई. पू. (b) 283-232 ई.
(c) 273-222 ई. पू. (d) इनमें से कोई नहीं

**7. अशोक के अभिलेख और ब्राह्मी लिपि को सर्वप्रथम किसके द्वारा पढ़ा गया?**

(a) एलेक्जेण्डर कनिंघम (b) जेम्स प्रिंसेप
(c) मैक्समूलर (d) मार्टिमर व्हीलर

**8. 303 ई.पू. में चन्द्रगुप्त और सेल्यूकस के बीच हुई सन्धि के सन्दर्भ में कौन-सा वक्तव्य विवादास्पद है?**

(a) सेल्यूकस ने अपना बड़ा क्षेत्र चन्द्रगुप्त को समर्पित किया
(b) चन्द्रगुप्त ने 500 हाथी सेल्यूकस को उपहारस्वरूप दिए
(c) मेगस्थनीज के रूप में एक यूनानी राजदूत मौर्य दरबार में भेजा गया
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**9. निम्नलिखित में से किस स्रोत/स्रोतों से कलिंग युद्ध के विषय में जानकारी मिलती है?**

1. अशोक का तेरहवाँ शिलालेख
2. अशोक का पृथक् कलिंग शिलालेख
3. दीपवंश 4. महावंश

कूट

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1, 2 और 3 (d) ये सभी

**10. मेगस्थनीज कौन था?**

(a) चन्द्रगुप्त मौर्य की राजसभा में यूनानी राजदूत
(b) अशोककालीन यूनानी व्यापारी
(c) गुप्तकालीन यूनानी व्यापारी
(d) हर्षकालीन चीनी तीर्थयात्री

**11. निम्नलिखित में से किन शासकों ने गिरनार क्षेत्र में जल संसाधन व्यवस्था की ओर ध्यान दिया?**

1. महापद्मनन्द
2. चन्द्रगुप्त मौर्य
3. अशोक
4. रुद्रदामन

कूट

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 2, 3 और 4

**12. कौटिल्य के अर्थशास्त्र में व्याख्या मिलती है**

(a) राजनीतिक सिद्धान्तों की
(b) आर्थिक सिद्धान्तों की
(c) सामाजिक सिद्धान्तों की
(d) धार्मिक सिद्धान्तों की

**13. अशोक की प्रशासनिक नीति में भारी परिवर्तन किस घटना से आया?**

(a) तीसरी बौद्ध परिषद्
(b) कलिंग युद्ध
(c) उसका बौद्ध धर्म को अपनाना
(d) सीलोन को उसका मिशनरी भेजना

**14. निम्न कथनों पर विचार करें एवं सही उत्तर का चयन करें**

1. रुद्रदामन का जूनागढ़ अभिलेख चन्द्रगुप्त मौर्य के साम्राज्य में गुजरात के सम्मिलित होने की प्रामाणिक सूचना प्रदान करता है।
2. सेहगौरा ताम्र-पत्र ऐसे दो धान्यागारों के निर्माण का उल्लेख करता है, जिनका संकट काल में उपयोग किया जा सके।

कूट

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) इनमें से कोई नहीं

**15. मेगस्थनीज के अनुसार पाटलिपुत्र का नगर एक समिति द्वारा शासित था। इस समिति में कितने सदस्य थे?**

(a) दस (b) पन्द्रह
(c) तीस (d) चालीस

**16. निम्न को सही सुमेलित करें**

| सूची I (मौर्य अधिकारी) | सूची II (कर्तव्य) |
|---|---|
| A. प्रशास्ता | 1. सम्राट की अंगरक्षक सेना का प्रधान |
| B. अन्तर्वशिक | 2. राजकीय आज्ञाओं को लिपिबद्ध करने वाला अधिकारी |
| C. कर्मान्तिक | 3. मुख्य न्यायाधीश |
| D. व्यावहारिक | 4. खानों का प्रमुख |

कूट

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**17. बिन्दुसार ने किस धर्म को संरक्षण प्रदान किया?**

(a) बौद्ध (b) जैन
(c) ब्राह्मण (d) आजीवक

**18. अभिलेखों में किस शासक का उल्लेख पियदस्सी एवं देवानामप्रिय के रूप में किया गया है?**

(a) चन्द्रगुप्त मौर्य
(b) अशोक
(c) समुद्रगुप्त
(d) हर्षवर्धन

**19. अशोक ने गया जिले में बराबर पहाड़ी पर किसके लिए गुफाएँ खुदवाई थीं?**

(a) आजीवक (b) महासंघिक
(c) निगंठ (d) थेरवादी

**20. निम्न कथनों पर विचार करें एवं सही उत्तर का चयन करें**

1. अन्तिम मौर्य सम्राट बृहद्रथ की हत्या कर पुष्यमित्र ने शुंग वंश की स्थापना की।
2. पुष्यमित्र शुंग मौर्य सेना में सेनापति के पद पर आसीन था।
3. शुंग वंश की स्थापना 185 ई.पू. में हुई थी।

कूट

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) ये सभी

**21. निम्न में सर्वप्रथम किसने व्यापक पैमाने पर स्वर्ण मुद्रा का प्रचलन किया?**

(a) कुजुल कडफिसस
(b) विम कडफिसस
(c) मिलिन्दपन्हो
(d) कनिष्क

**22. कुषाण शासकों को निम्न में से किस नाम से भी जाना जाता था?**

(a) यू-ची (b) हिन्द यवन
(c) मकदूनियाई (d) पह्लव

**23. शुंग शासक अग्निमित्र निम्न में से किस लेखक की कृति का नायक था?**

(a) पतंजलि (b) अश्वघोष
(c) कालिदास (d) बाणभट्ट

# Answer Key

1. (c) 2. (b) 3. (a) 4. (c) 5.(d) 6.(a) 7. (b) 8. (d) 9.(a) 10.(a)
11.(d) 12.(a) 13.(b) 14.(c) 15.(c) 16.(d) 17.(d) 18.(b) 19.(a) 20.(d)
21.(b) 22.(a) 23.(c)

EduBull.com